तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 13 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 कक्षा तीसरी तक के सभी बच्चों में पढ़ने लिखने की बुनियादी ...



12 विधायक निधि से बने सामुदायिक भवन पर ...





REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41


अनदेखी

जिले के संयुक्त कार्यालय में सुरक्षा के मापदण्डों की अनदेखी

# 87 कमरों वाले कलेक्टोरेट में आग बुझाने के लिए केवल तीन फायर सेफ्टी सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बलौदाबाजार की ताजा घटनाक्रम के बाद भी जिला मुख्यालय में नहीं दिख रही मुस्तैदी
- दो दर्जन सीसीटीवी कैमरों में से लगभग आधा दर्जन कैमरे बंद

जिला मुख्यालय में स्थित ज़िला कलेक्टोरेट एवं संयुक्त कार्यालय में सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ औपचारिकता में दिखाई पड़ रही है। यहां के अधिकांश कार्यालयों में फायर सेफ्टी सिस्टम व अन्य जरूरी सुविधाओं में काफी लापरवाही देखने को मिल रही है। इससे आगजनी अथवा किसी आ पा त का ली न स्थिति में कलेक्टोरेट की सुरक्षा व्यवस्था पर स वा लि या प्रश्नचिन्ह उठ रहे हैं। गौरतलब हो कि हाल ही में बेमेतरा के समीपवर्ती बलौदाबाजार ज़िला में शांतिपूर्ण आंदोलन के बीच मे उपद्रवियों के द्वारा डीएम-एसपी सहित अन्य ऑफिस को आग के हवाले कर दिया गया था, जिससे आगजनी की बड़ी घटना से जिला कार्यालय को बड़ी क्षति पहुंची है। वही इसी क्रम में बेमेतरा ज़िला के कलेक्टोरेट व अन्य ऑफिसों में सुरक्षा के मानक-मापदण्डों को खुलेआम दरकिनार किया जा रहा है, जो बड़ा ही चिंताजनक है।











दरअसल बेमेतरा शहर के रायपुर मार्ग में ही 87 कमरों वाले तीन मंजिला भव्य कलेक्टोरेट कार्यालय है जिसमे एसपी सहित अन्य विभागों के ऑफिस स्थापित हैं। वहीं, इन सब विभागीय ऑफिस में से भूतल के तीन कमरों में केवल 03 फायर सेफ्टी सिलेंडर हैं। इसके अलावा कलेक्टर, एसपी व भूतल से लेकर प्रथम व द्वितीय तलों पर फिलहाल कहीं कोई फायर सेफ्टी फीचर मौजूद नहीं हैं, जो अति गम्भीर है। चूंकि गर्मी में शार्ट सर्किट से आगजनी होना स्वाभाविक है एवं बलौदाबाजार जैसी किसी आपातकाल की स्थिति में कलेक्ट्रेट में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं है। यही नहीं कलेक्टोरेट में करीब दो दर्जन सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाती है, किंतु वर्तमान में करीब आधा दर्जन किसी न किसी कारण से बंद बताये जा रहे हैं जो एक बड़ा लापरवाही है।

## रिफिलिंग के लिए भेजे गए 50 फायर सेफ्टी सिलेंडर

इस सम्बंध में जब कलेक्टोरेट के नाजिर शाखा से बात की गई तो उन्होंने फायर सेफ्टी सुविधाओं के बारे में बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले पीडब्ल्यूडी के मशीनरी विभाग को करीब 50 फायर सेफ्टी सिलेंडर रिफिलिंग के लिए भेजा गया है, जो अभी तक एसडीओ ऑफिस द्वारा लौटाया नहीं गया है। लिहाजा सेफ्टी सुविधा में कमी नज़र आ रही है। जबकि कलेक्टोरेट ऑफिस में फरियाद लेकर पहुंचे एक आम नागरिक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जब भी आते हैं, तो परिसर में आवारा कुत्तों का जबरदस्त आतंक रहता है, जिससे भयभीत होकर आवागमन करना पड़ता है।

## परिसर की घेराबंदी भी नहीं

फिलहाल कलेक्टोरेट व जिला संयुक्त ऑफिस में सुरक्षा गार्ड की बजाए आवारा कुत्तों का जमावड़ा जरूर दिखाई पड़ता है। वहीं, ऑफिस परिसर में उचित घेराबन्दी भी नहीं है। इससे असामाजिक तत्वों के जमघट एवं पशुओं की आमद दिखना आम बात है। इसके अलावा परिसर में रोपित पेड़-पौधों की उचित देखभाल व सफाई नहीं की जाती है, जिससे ऑफिस की सुंदरता को विभिन्न तरह के खरपतवार ग्रहण लगा देती है।

## खबर संक्षेप

### बेमेतरा में जिला स्तरीय रोजगार मेला कल

बेमेतरा। जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बेमेतरा के सामंजस्य से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 14 जून को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोबिया चौक के पास डीपीआरसी भवन बेमेतरा में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के नियोजक द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अंतर्गत सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव के 36 पद, ग्रुप लीडर के 02 पद व टीम लीडर के 01 पद शामिल हैं। रोजगार मेला में भाग लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्र व सभी दस्तावेजो के फोटोकॉपी एवं 02 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ स्वयं उपस्थित होकर रोजगार मेला का लाभ ले सकते हैं।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक कल

बेमेतरा। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 14 जून को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित सभी जिला अधिकारी को निर्धारित प्रारूप में जानकारी के साथ उपस्थित होने निर्देशित किया गया है ।

### हथियार से धमका रहा बदमाश, गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलिस ने संडे मार्केट गुरूद्वारा के पीछे सुपेला के पास आम जगह में धारदार हथियार चापड़ लेकर आने-जाने वाले लोगो को डरा धमका रहे बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुखबीर सूचना के आधार पर संदेही को घेराबंदी का पकड़ा गया। संदेही से नाम पता पूछने पर अपना नाम दिलीप चैहान उर्फ टकला बताया जिनके कब्जे से एक धारदार चापड़ जप्त किया गया। आदर्शनगर सुपेला निवासी आरोपी दिलीप को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत यह कार्रवाई की।

### एससी/एसटी एसो और प्रबंधन के बीच बैठक

**भिलाई।** बीएसपी एससी/एसटी एम्पलाईज एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेल एस सी/एसटी फेडरेशन के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद और लाईजन ऑफिसर रोहित हरित वरि प्रबंधक आई आर एवं सी एल सी के बीच बैठक सम्पन्न हुई।

## बस स्टैंड में आने-जाने के लिए एक ही रास्ता, हो रही परेशानी

**बेमेतरा।** बस स्टैंड बेमेतरा अंतर्गत संचालित बसों के प्रतिनिधियों एवं व्यासायियों ने विधायक दीपेश साहू, कलेक्टर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बेमेतरा को बस स्टैंड में आने जाने के लिए दोनों तरफ रास्ता निकालने को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

उन्होंने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि बस स्टैंड के अंदर बस के आने-जाने के लिए एक रास्ता होने के कारण काफी दिक्कतें आ रही है। हमेशा बस को रिवर्स कर बस स्टैंड के अंदर लाना पड़ता है जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना घट सकती है। नया बस स्टैंड के अंदर नगर पालिका द्वारा अवैध दुकान निर्माण कर एक तरफ का रास्ता जिससे कि बस का आवागमन होता था उसको बंद कर दिया गया है। जिससे आने-जाने में काफी दिक्कतें हो रही है। इसी तरह बस स्टैंड के अंदर हाथ ठेला एवं फल दुकान भी अवैध रूप से कहीं पर भी दुकान लगाकर व्यवसाय कर रहे हैं जिससे बस को अंदर आने में काफी दिक्कतें होती है। उन्होंने मांग की कि बसों के आवागमन के लिए दोनों तरफ से रास्ता निकाले अथवा व्यवस्था नहीं सुधरने पर बस स्टैंड को अन्य जगह हस्तांतरित करने की व्यवस्था की जाए।

## कचरे के ढेर से उठाए गए बायो मेडिकल वेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद जागा अस्पताल प्रबंधन

देवरबीजा में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने खुलेआम कूड़े-कचरे के ढेर में जैविक चिकित्सकीय अपशिष्ट को लेकर हरिभूमि में 12 जून को प्रकाशित होने के बाद अस्पताल प्रबंधन तत्काल हरकत में आया है। साथ ही इस समाचार के बाद जिलेभर के शासकीय व निजी अस्पताल, क्लिनिक, पैथोलॉजी लैब एवं नर्सिंग होम्स में जबरदस्त हड़कम्प मच गया है। सभी चिकित्सकीय संस्थानों में बायो मेडिकल वेस्ट के उचित प्रबन्धन व निस्तारण हेतु तैयारियां शुरू कर दी गयी है।जिसमे सबसे ज्यादा सतर्कता देवरबीजा के आयुष्मान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दिखाई दे रही है। देवरबीजा के सरकारी अस्पताल प्रबन्धन द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों के माध्यम से कूड़े के ढेर से बायो वेस्ट कचरे की छंटाई कर उसे अलग अलग रंग की



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही लोगों के जीवन पर पड़ न जाए भारी



पालीथीन में भरकर सुबह से ही एकत्रित कर लिए वही उसे जल्द ही तीन रँगनुमा अलग अलग बॉक्स में रखकर बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट एजेंसी को इंसीनरेटर एवं डिस्पोज कर निबटारा करने की बात कही । उल्लेखनीय है कि ज़िला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर देवरबीजा के शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य को लेकर प्रशासन की बड़ी लापरवाही का नज़ारा देखने आया था। इस आयुष्मान आरोग्य केंद्र के बाहर चन्द कदमों की दूरी पर अस्पताल के जैविक चिकित्सा अपशिष्ट (बायो मेडिकल वेस्ट) के कूड़े-कचरे का काफी बड़ा ढेर लगा होना पाया गया था।

## नवविवाहिता की हत्या के मामले में 50 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- परपोड़ी थाना क्षेत्र के लूक गांव में 18 अप्रैल को मिली थी महिला की लाश

सीमावर्ती परपोड़ी थाना क्षेत्र के लूक गाँव में नवविवाहित महिला रश्मि वर्मा पति ओमप्रकाश (27 साल) की हत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। जबकि हत्या की घटना को आज 50 से अधिक दिन हो चुका है। विगत दिनों दुर्ग रेंज के पुलिस आईजी रामगोपाल गर्ग ने बेमेतरा एसपी रामकृष्ण साहू व अन्य पुलिस अमले के साथ मौकेस्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। घटना के सम्बंध में परिजनों से पूछताछ कर जल्द कार्रवाई कर आरोपी फरार पति को पकड़ने की बात कही। साथ ही अफसरों से जानकारी लेकर केस की स्थिति का जायजा लिया गया। विदित हो कि इस मामले में बेरला अनुविभागीय पुलिस अधिकारी तेजराम पटेल को जांच अधिकारी बनाया गया है। जिनकी अगुवाई में पुलिस की कई टीमें लगातार ग्रामीणों व परिजनों के माध्यम से पतासाजी की जा रही है एवं संदिग्ध स्थलों पर पुलिस द्वारा खोजबीन भी की जा रही है। वहीं, इन सबके बीच फिलहाल मृतका नवविवाहिता महिला के शव की विसरा रिपोर्ट के आने का इंतज़ार किया जा रहा है, जिसके बाद ही मामले में असलियत का पर्दाफाश हो पायेगा।

### ये है घटना

ज्ञात हो कि परपोड़ी थाना इलाके के ग्राम लूक में गुमशुदा चल रही नवविवाहित महिला रश्मि वर्मा की लाश उसके ससुराल की बाड़ी में 18



अप्रैल 2024 को बरामद हुई थी। वही मामले में परपोड़ी पुलिस ने मृतक के शव का मर्ग कायम करते हुए हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर घटना में विवेचना शुरू कर दी थी।वही इस घटनाक्रम के बाद से फरार चल रहे नवविवाहित के पति ओमप्रकाश वर्मा पर ही हत्या की आशंका के आधार पर पुलिस ने केस की खोजबीन शुरू कर दी थी। किन्तु आज डेढ़ महीने से ज्यादा का वक़्त गुजर जाने के बाद पुलिस के हाथों कोई खास जानकारी अथवा सबूत नही लगी है, लिहाजा अभी तक मामले में आरोपी की गिरफ्तारी भी नही हो पाई है। जिससे स्थानीय लोगों में पुलिस की सुस्त कार्यशैली की चर्चा तेज होने लगी है।

### जांच में लगी टीम : टीआई साहू

इस संबंध में परपोड़ी थाना प्रभारी ओपी साहू ने बताया कि बेमेतरा एसपी के निर्देश व एसडीओपी बेरला की अगुवाई में जांच टीम बनाई गई है। टीम द्वारा लगातार विभिन्न इलाके पर आरोपी की छानबीन की जा रही है। साइबर सूचना व लोकेशन के आधार पर एक टीम दिल्ली शहर भी गयी थी, किन्तु मृतक के आरोपी पति ने नेटवर्क को बंद कर गुमराह कर चकमा दे दिया। हर एंगल की बारीकी से जांच- तफ्तीश चल रही है आरोपी जल्द सलाखों के पीछे होगा।

## स्वच्छ हरियर ग्राम सप्ताह के तहत बेरला में हुए विविध कार्यक्रम

**बेमेतरा।** राज्य शासन द्वारा 5 से 12 जून तक स्वच्छ हरियर ग्राम सप्ताह मानने के निर्देश दिया गया है । इसी के अंतर्गत कलेक्टर रणवीर शर्मा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल के मार्गदर्शन में बेमेतरा जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के दिन से जन जागरुकता के विभिन्न कार्यक्रमों आयोजित किये जा रहे हैं। स्वच्छ गाँव एवं स्वच्छ जीवन की मूलभूत सुविधाओं को लेकर ग्राम पंचायत बेरलाकला, सांकरा, सल्धा एवं पिरदा में साफ सफाई कार्य अमृत सरोवर के आसपास साफ सफाई, सोखता गड्ढा निर्माण कार्य, नाड़ेफ कार्य तथा स्वच्छता समूह की महिलाओं द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य एवं साफ सफाई की जा रही है। लोगों को अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने के लिये शपथ दिलाई जा रही है। ग्रामीणों की सहभागिता से अभियान सफल हो रहा है। सभी ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक शासन के मंशानुरूप कार्य कर रहे हैं ।



## ग्राम पंचायत आनंदगांव में स्वच्छता को लेकर बरती जा रही लापरवाही

**बेरला।** जनपद पंचायत बेरला के निकटवर्ती ग्राम पंचायत आनंदगांव में स्वच्छता के प्रतीक नाडेप में कचरे भर जाने के बाद भी सफाई करने में लापरवाही बरती जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गांव के सभी वार्डों में नाडेप बनाया गया है, ताकि घर व गलियों में गंदगी न फैले और आस पास साफ सफाई बना रहे और गांव में स्वच्छता बनी रहे। इस नाडेप का उपयोग कर ग्रामीण कचरे डालने के काम तो कर रहे हैं। लेकिन, ग्राम पंचायत द्वारा नाडेप की सफाई करने में लापरवाही बरती जा रही है। नाडेप में कचरा भर जाने के बाद अवशेष इधर-उधर बिखर रहे हैं, इससे गंदगी और फैल रही है। वही, महीनों तक जाम कचरे से बदबू आने लगी है। इसके कारण वार्डवासी परेशान हो रहे हैं। नाडेप में लोग सूखा, गीला, अपशिष्ट पदार्थ के कचरे को डाल दिया जाता है, जो जहरीली गैस के रूप में वातावरण में संलिप्त हो रहे हैं। इससे ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बनने की आशंका है। वहीं, बीमारी का भय वार्ड वासियों को लगा रहता है। शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के सामने बने नाडेप कचरे से भर गए हैं। जिस पर ग्राम पंचायत आनंदगांव के जनप्रतिनियों द्वारा ध्यान नहीं देना बड़ी लापरवाही की ओर इशारा कर रहा है।



देवरबीजा सोसायटी में सुबह से खाद के इंतजार में खड़े रहे सैकड़ों किसान

# खाद की किल्लत ने बढ़ाई किसानों की समस्या, कालाबाजारी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सेवा सहकारी समिति देवरबीजा के खाद गोदाम में इन दिनों स्थानीय किसानों का जमावड़ा नज़र आ रहा है। देवरबीजा सोसायटी के 11 गाँव के लगभग तीन सौ किसान कल बुधवार को सुबह से खाद लेने के लिए दिनभर इंतजार में खड़ा रहा। वही किसानों की मांग थी कि जल्द से जल्द उनका पर्ची काटकर उन्हें कृषि कार्य के लिए खाद प्रदान की जाए।

गौरतलब हो कि कृषि प्रधान व किसान संपन्न बेमेतरा जिले में वर्तमान परिदृश्य पर खाद की काफी बड़ी किल्लत देखने को मिल रही है। इससे समितियों के गोदामों में समय पर खाद उपलब्ध न होने से क्षेत्र के कृषि केंद्रों में खाद को लेकर कालाबाजारी भी तेज हो गयी है। इसके कारण किसानों को काफी महंगे दामों पर खाद बेचे जाने की शिकायतें मिल रही हैं। इस गतिविधि पर कृषि विभाग के जिम्मेदार अफसर द्वारा कृषि केंद्रों में हो रही गोरखधंधे पर कार्रवाई नहीं होने से किसानों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व नाराज़गी देखने को भी मिल रही है।







### खुले बाजारों में कीमत

ताज़ा आंकड़ों पर गौर करें तो कृषि केंद्रों में यूरिया 350 रुपया प्रति बोरी, डीएपी 1500 रुपये प्रति बोरी एवं पोटाश इसी तरह मनमाने दाम पर खुलेआम बिक रहा है। जबकि सेवा सहकारी समिति के खाद गोदामों में यूरिया 266.50 रुपये प्रति बोरी, डीएपी 1350 रुपये प्रति बोरी एवं पोटाश 1625 रुपये प्रति बोरी मानक रूप में दर्ज है। इसके बावजूद सोसायटियों में खाद की कमी होने से लगातार क्षेत्र में यूरिया, डीएपी व पोटाश की कालाबाजारी हो रही है।

### मांग की अपेक्षा सप्लाई, ऊंट के मुंह में जीरा जैसी

फिलहाल देवरबीजा समिति में 11 गाँवों से करीब 14 किसान पंजीकृत हैं। वहीं, केशडबरी व देवरबीजा को मिलाकर दो उपार्जन केंद्र हैं। वहीं, किसानों से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि समिति में रविवार को 600 बोरी खाद को गोदाम में लाया गया है, जो कि मांग को देखते हुए काफी नहीं है। इसके पूर्व में भी इसी तरह सीमित स्टॉक भेजा गया था, जिससे काफी किसानों को खाद आपूर्ति नही होने से मायूसी छाई गयी थी। वहीं, अब पुनः खाद की सप्लाई हो गयी है तो गोदाम पर्ची ही काटी जा रही है, जबकि दोपहर तक खाद वितरण नहीं हो पाई, जिससे किसानों में असंतोष बढ़ गया था।


हरिभूमि

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### वेणुगोपाल से सुबोध की भेंट

रायपुर। सुबोध हरितवाल, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस महामंत्री की मंगलवार को एआईसीसी संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से नई दिल्ली स्थित निवास में मुलाकात हुई। राज्य की संगठनानात्मक चर्चा के साथ केरल के अलापुझा लोकसभा से सांसद चुने जाने पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

### अनियमित कर्मचारी महासंघ ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन को दी शुभकामनाएं



रायपुर। छत्तीसगढ़ से तोखन साहू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाने पर छग संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी। इसी दौरान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा चुनाव के दरमियान मोदी की गारंटी में अनियमित कर्मचारी के लिए 100 दिन के भीतर कमेटी बनाने का विषय रखा गया था, जिसे 100 दिन के भीतर पूर्ण कर दिया गया। महासंघ के पदाधिकारी ने आगे निर्णय लिया कि लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी का समर्थन किया जाना चाहिए। इस के लिए महासंघ की ओर से लिखित में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के नाम से समर्थन पत्र भी जारी किया गया।

### म्यूकरमाइकोसिस के उपचार में मददगार साबित होगा एम्स का रिसर्च



रायपुर। दुनियाभर में म्यूकरमाइकोसिस के उपचार और अनुसंधान में एम्स में किया गया रिसर्च मददगार साबित होगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को म्यूकरमाइकोसिस (ब्लैक फंगस) के उपचार प्रबंधन पर 'अरोड़ा-नागरकर वर्गीकरण' का कॉपीराइट प्रदान किया गया है। यह वर्गीकरण ब्लैक फंगस के बेहतर उपचार और इसके परिणामों में दुनियाभर के ईएनटी विशेषज्ञों के लिए गाइड का कार्य करेगा। इससे रोगियों को ब्लैक फंगस के प्रथम चरण में ही और अधिक बेहतर चिकित्सा प्रबंधन प्राप्त होने की उम्मीद है। यह वर्गीकरण ईएनटी विभाग के प्रो. रिपुदमन अरोड़ा, पूर्व निदेशक प्रो. नितिन एम. नागरकर, डॉ. आकाश अग्रवाल, प्रो. रेनू राजगुरु, डॉ. नील प्रभा सहित अन्य चिकित्सकों के शोध पर आधारित है। प्रो. अरोड़ा ने बताया कि इसकी मदद से ईएनटी चिकित्सक ब्लैक फंगस के प्रकार, उपचार और संभावित परिणामों के बारे में पूर्वानुमान लगा सकेंगे। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में रोगियों के डेटा से कई अनुसंधान के बाद यह कॉपीराइट प्राप्त किया गया है।

# स्टेशनों में 'वोकल फॉर लोकल' का विजन हुआ ठप कारीगरों का नहीं बिक रहा सामान, स्टॉलों में ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे बोर्ड ने वोकल फॉर लोकल' विजन को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत 27 स्टेशनों में लगभग 31 स्टाल लगाए हैं, ताकि स्थानीय उत्पादों और कारीगरों को प्रोत्साहन मिल सके। स्टॉल में स्थानीय कपड़ों, हस्तशिल्प, मिट्टी से निर्मित वस्तुएं, हथकरघा, बांस के उत्पाद, वनोपज आदि को बढ़ावा देना था। रायपुर रेलवे स्टेशन में योजना से जुड़े स्टॉल में लंबे समय से ताला लगा हुआ है। रेलवे कारीगरों को स्टॉल देकर भूल चुका है, जबकि योजना के तहत नाममात्र शुल्क के साथ स्थानीय उत्पादों को हर एक महीने के लिए यह व्यवस्था उपलब्ध कराई जानी थी, इसके बाद दूसरे कलाकारों को मौका देना था, ताकि अधिक से अधिक कलाकारों और उत्पादों को मौका मिल सके, लेकिन स्टॉल में एक महीने के बाद भी दूसरे स्थानीय कारीगरों को मौका ही नहीं मिल पाया है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है लोग कारीगरों का सामान नहीं खरीद रहे, इसलिए स्टॉल बंद हो चुके हैं। योजना पूरी तरह से ठप होती जा रही है।

**वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत एक महीने के बाद दूसरे कारीगरों को उत्पाद बेचने देना था मौका**

### रुपए के अभाव में दब जाती है प्रतिभा

शिल्पकार और हथकरघा के उत्पाद काफी अच्छे होते हैं, लेकिन पैसे के अभाव में कई बार कारीगर अपने उत्पादों का विज्ञापन पर ज्यादा खर्च नहीं कर पाते। इस कारण उनके अच्छे उत्पाद स्थानीय लोगों की जानकारी में नहीं आते। ऐसे में रेलवे स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए योजना शुरू की थी, लेकिन इस योजना का लाभ स्थानीय कलाकारों को मिल नहीं रहा है। रेलवे को हर महीने दूसरे कारीगरों को उत्पाद के लिए मौका देना है, लेकिन स्टॉल लंबे समय से अधिक बंद होने के कारण कारीगरों का प्रोत्साहन भी रुक गया है।




### व्यवस्था में सुधार करेंगे

स्टेशन में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत स्टॉल में कारीगरों के सामान की बिक्री नहीं होने से बंद है। जल्द कारीगरों के साथ बैठक कर समझने का प्रयास करेंगे कि दिक्कत कहां आ रही है। व्यवस्था में सुधार करने का प्रयास करेंगे।

*- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम*

### सामान की बिक्री नहीं होने से स्टॉल बंद

रायपुर रेलवे स्टेशन में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट का स्टॉल बस्तर हस्तशिल्प को दिया गया था, लेकिन यह स्टॉल महीनेभर से बंद बताया जा रहा है। रेलवे के अधिकारी के मुताबिक यह स्टॉल एक महीने के लिए दिया गया था, लेकिन समय पूरा होने के बाद भी योजना के तहत इस स्टॉल में दूसरे कारीगरों को मौका नहीं मिला। रेलवे के अधिकारी को भी पता नहीं है कि स्टॉल लंबे समय से किस वजह से बंद है। जानकारी के मुताबिक सामान की बिक्री नहीं होने से कारीगर ने स्टॉल खोलना बंद कर दिया है। ऐसी ही हाल सरोना स्टेशन और मंदिर हसौद स्टेशन का भी है। यहां भी स्टॉल लंबे समय से बंद बताया जा रहा है। रेलवे कारीगरों को स्टॉल देकर भूल चुका है। इन स्टॉलों को चालू करने नई व्यवस्था भी नहीं बना रहा है।

# विधायक निधि से बने सामुदायिक भवन पर स्थानीय लोगों का कब्जा, सालभर से जमे हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

किसी भी वार्ड की कालोनी या मोहल्ले में शासकीय खर्च पर सामुदायिक भवन का निर्माण इसलिए किया जाता है कि उस क्षेत्र के रहवासियों को शादी का रिसेप्शन, जन्मदिन या अन्य किसी भी तरह का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए दूसरे वार्ड में जाने की जरूरत नहीं पड़े। सामुदायिक भवन का किराया भी बहुत न्यूनतम रखा जाता है, जिससे गरीब परिवार पर भवन किराया का ज्यादा भार नहीं पड़ता। शहर में ऐसे सामुदायिक भवन लगभग हर वार्ड में भी बने हैं, जिसका लोग उपयोग भी करते हैं, लेकिन जोगी नगर में बनाए गए सामुदायिक भवन पर पिछले एक साल से कुछ स्थानीय रहवासियों ने न केवल कब्जा कर रखा है, बल्कि उसे अपना घर बनाकर रहने भी लगे हैं। इसके कारण इस भवन में सालभर से कोई कार्यक्रम भी आयोजित नहीं हो पाया है। कार्यक्रम के लिए भवन को मांगने वालों को कब्जा करने वाले भवन में मरम्मत कार्य का बहाना बनाकर लौटा देते हैं।

### विधायक निधी की राशि से बना है सामुदायिक भवन

कांग्रेस शासन के कार्यकाल में पूर्व विधायक कुलदीज जुनेजा ने विधायक निधि से सिविल लाइन वार्ड स्थित जोगी नगर में स्थानीय लोगों की मांग पर सामुदायिक भवन का निर्माण कराया था। लगभग 6 लाख रुपये की लागत से बने इस भवन का निर्माण होने के बाद इस भवन में कई कार्यक्रम भी आयोजित हो चुके हैं, लेकिन पिछले एक साल से इस भवन पर स्थानीय कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। इस भवन में कब्जा करने के साथ लोग रहने भी लगे हैं। इसके अलावा भवन के हाल में भवन निर्माण की सामग्री भी रखी हुई है। हरिभूमि ने यहां रहने वाले कुछ लोगों से भी बातचीत की। इस दौरान नाम नहीं बताने की शर्त पर उन लोगों ने बताया सामुदायिक भवन में सालभर से कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ है, क्योंकि भवन को मोहल्ले का एक परिवार अपना घर बनाकर रखा हुआ है।

### इसलिए कोई इवेंट भी नहीं



### सामुदायिक भवन पर नाम तक लिखा नहीं

जोगी नगर के गली में बने सामुदायिक भवन में किसी भी प्रकार का नाम नहीं है, जिससे यह पता चले कि यह सामुदायिक भवन है। हरिभूमि की टीम को भी सामुदायिक भवन तब मिला जब स्थानीय लोगों ने उस भवन की पहचान बताई। सामुदायिक भवन किस नाम से बना है, भवन की दीवार पर कोई नाम नहीं लिखे होने तथा यहां एक परिवार के रहने के कारण यह भवन सामुदायिक भवन की तरह नहीं, बल्कि किसी व्यक्ति का मकान की तरह दिखाई दे रहा है।

### विधायक ने कहा- मुझे जानकारी नहीं

इस भवन का निर्माण कराने वाले पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा कि उन्होंने स्थानीय लोगों की मांग को देखते हुए यहां सामुदायिक भवन का निर्माण कराया था, लेकिन भवन पर किसी ने कब्जा कर रखा है। इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर कब्जा किया गया है, तो यह गलत है। इसकी नगर निगम में शिकायत करानी चाहिए। इस मामले में वार्ड की पार्षद नीलम जगत से भी मोबाइल पर संपर्क साधा गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

# स्कूल और छात्र आमने सामने, अब प्रबंधन पर डराने-धमकाने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केपीएस स्कूल प्रबंधन और छात्रों के मध्य मामला अब थाने तक पहुंच गया है। स्कूल प्रबंधन ने जहां छात्रों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, तो वहीं छात्रों ने एसपी से मुलाकात करके शाला प्रबंधन पर डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा गैर जमानतीय धाराओं में दर्ज हुई एफआईआर के मामले में निष्पक्ष जांच के लिए एसपी संतोष कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इसके पहली केपीएस स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों के खिलाफ थाने में विभिन्न धाराओं को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। छात्रों द्वारा जिला शिक्षा कार्यालय में भी पूरे मामले को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया था।

- **बगैर मान्यता संचालित हो रहे केपीएस स्कूल में छात्रों ने किया था प्रदर्शन**

### फर्जी एफआईआर का आरोप

एनएसयूआई का कहना है कि गैर मान्यता स्कूल अभी भी स्कूल संचालन कर रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे स्कूल जो मान्यता नहीं है, उनके खिलाफ शिकायत करने पर भी एफआईआर नहीं की जा रही है। एनएसयूआई के पदाधिकारियों पर फर्जी एफआईआर कर डराने की कोशिश की जा रही है ताकि ऐसे गैर मान्यता स्कूल आसानी से अपना शिक्षा का व्यापार चला सकें। इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई ने की है। यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा समेत, कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी, एनएसयूआई संगठन महामंत्री हेमंत पाल, प्रदेश सचिव कुणाल दुबे सहित अन्य इस दौरान मौजूद रहे।

**यह है मामला :** केपीएस पर बगैर मान्यता कई ब्रांच संचालित करने का आरोप छात्रनेताओं द्वारा लगाया गया था। इसे लेकर छात्रनेताओं द्वारा इस वर्ष की शुरुआत से ही मोर्चा खोला गया है। आरोप-प्रत्यारोप के बाद जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जांच कमेटी भी बैठाई गई थी। छात्रों का कहना है कि निष्पक्ष जांच किए बगैर ही स्कूल प्रबंधन को नए सत्र में दाखिले की अनुमति दे दी गई है। छात्रों द्वारा इसके विरोध मे केपीएस स्कूल तथा जिला शिक्षा कार्यालय में प्रदर्शन किए गए।

# विजन डॉक्यूमेंट अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन के लिए मंत्रियों-विधायकों से वित्तमंत्री ने मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के वित एवं योजना मंत्री ओपी चौधरी ने विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन 2047 के लिए जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से सुझाव मांगे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सभी मंत्रियों और विधायकों को पत्र लिखकर विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने सुझाव देने का आग्रह किया है। सुझाव 30 जून तक मंगाए गए हैं। सुझाव लिखित में या फिर वेब पोर्टल मोर सपना-मोर विकसित छत्तीसगढ़ के जरिए दिए जा सकते हैं।

### एक नवंबर को जारी होगा विजन डॉक्यूमेंट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने साल 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की है। इस परिकल्पना को साकार करने छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र 2024 में घोषणा की गई थी कि राज्य स्थापना दिवस एक नवंबर 2024 को राज्य का विजन डॉक्यूमेंट 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन 2047'जारी कर प्रदेश की जनता जनार्दन को समर्पित किया जाएगा। राज्य शासन ने विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने का जिम्मा राज्य नीति आयोग को सौंपा है। इस संबंध में आयोग द्वारा सभी विभागों, सेक्टर विशेषज्ञों से विचार-विमर्श किया जा रहा है।

### सुझाव देने के लिए वेब पोर्टल

योजना मंत्री चौधरी ने बताया कि जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से भी विकसित छत्तीसगढ़ की उनकी परिकल्पना साझा करने के लिये आयोग ने एक वेब पोर्टल 'मोर सपना-मोर विकसित छत्तीसगढ़ तैयार किया गया है। इसके जरिए वे अपने सुझाव दे सकते हैं।

# सीएम युवा स्वरोजगार के लिए दो गुना आवेदन मंजूर, उद्योग मंत्री ने की विभागीय समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की मौजूदगी में मंगलवार को हुई विभागीय समीक्षा बैठक में यह जानकारी सामने आई है कि युवाओं के बीच मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में युवाओं की दिलचस्पी है। इस योजना के लिए 600 का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन सरकार ने करीब दो गुना आवेदनों को मंजूरी दी है। इस समीक्षा बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग स्थापना के नाम पर जमीन लेने के बाद भी उद्योग नहीं लगाने वाले उद्योगपतियों को नोटिस जारी कर जमीन आबंटन की प्रक्रिया निरस्त करने की कार्रवाई करें। मंगलवार को सर्किट हाऊस रायपुर में प्रदेश के सभी जिलों के उद्योग और व्यापार केन्द्र के प्रबंधकों, सीएसआईडीसी के अधिकारियों व उद्योग संचालनालय के उच्च अधिकारियों की बैठक लेकर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने इस आशय के निर्देश दिए।


- **जमीन लेकर उद्योग नहीं लगाया, आवंटन होगा निरस्त**

बैठक में उद्योग विभाग के सचिव अंकित आनंद, संचालक उद्योग पी अरुण प्रसाद सहित जिलों से आए अधिकारी एवं उद्योग संचालनालय के अधिकारी उपस्थित थे। उद्योग मंत्री कहा कि चुनाव के आदर्श आरचण संहिता के दौरान जो कार्य लंबित थे, उसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करें। इसके साथ ही औद्योगिक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए वाष्पयंत्र निरीक्षकालय की समीक्षा के दौरान कहा कि अधिकारी समय-समय पर बायलर का निरीक्षण करते रहें।

### सीएम स्वरोजगार के लिए 1129 आवेदन मंजूर

विभाग के योजनाओ में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत 2023–24 में 1024 लक्ष्य की तुलना में अब तक 1252 प्रकरणों को स्वीकृत किया गया। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 600 लक्ष्य की तुलना में 1129 आवेदन स्वीकृत किए गए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल योजना के तहत अब तक एमएसएमई रायपुर द्वारा अब तक 10798 लोगों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। इस कार्य में मंत्री श्री देवांगन ने तेजी लाने के निर्देश दिए गए।भू आबंटन के 758 प्रकरणों को स्वीकृत किया गया, 30 पेंडिंग मामलों को भी जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

# दिल्ली से लौटे बृजमोहन, भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीएम मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होने के बाद सांसद बृजमोहन अग्रवाल नई दिल्ली से रायपुर लौट आए। उन्होंने कहा, जिस दिन पार्टी का निर्देश होगा उस दिन विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगा। दिल्ली से लौटने पर एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं और ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने भी उनकी आरती उतारी। बृजमोहन अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मैं रायपुर की जनता और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद और बधाई देता हूं।

संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने मंत्री नहीं बनाए जाने के सवाल पर कहा, मैं शुरू से कहता रहा हूं कि पद और प्रतिष्ठा आने जाने वाली चीज है, परंतु जो कार्यकर्ता और जनता का प्यार और आशीर्वाद है, वह परमानेंट है। जिस दिन पार्टी का निर्देश होगा उस दिन विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगा।

**अभी प्रदेश संगठन में किसी तरह से बड़े फेरबदल के आसार नहीं**

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के पहले प्रदेश में मंडल स्तर से प्रारंभ होगी चुनावी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा का चुनाव निपटने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से लेकर राज्यों के संगठनों में चुनाव होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। वैसे भी उनको मोदी कैबिनेट में लिया गया है। उनके स्थान पर फिलहाल तो किसी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके बाद स्थाई अध्यक्ष के चुनाव से पहले सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव होंगे। छत्तीसगढ़ में भी मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया पूरी करके प्रदेश संगठन के चुनाव कराए जाएंगे। ऐसे में फिलहाल प्रदेश संगठन में कसी तरह का अभी बदलाव होने की संभावना नहीं है।

बीते साल छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के डिप्टी सीएम बनने के बाद उनके स्थान पर प्रदेशाध्यक्ष का जिम्मा विधायक किरण देव को दिया गया।



इसी के साथ प्रदेश संगठन के तीनों महामंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा के चुनाव जीतने के कारण उनके स्थान पर नए महामंत्री बनाए गए। किरण देव की कार्यकारिणी में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद आगे कार्यकारिणी में बदलाव की बात की गई थी। लेकिन फिलहाल किसी तरह के बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं, क्योंकि अब भाजपा के नए राष्ट्रीय का चुनाव होना है। इस चुनाव के तय होने के साथ ही सभी राज्यों में भी चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### मंडल स्तर से होंगे चुनाव

राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले प्रदेश संगठन में मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। मंडल अध्यक्षों के चुनाव के बाद जिला अध्यक्षों के चुनाव होंगे। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष तय होगा। संभावना यही है कि भाजपा का राष्ट्रीय संगठन किरण देव को ही अध्यक्ष बनाए रखेगा, क्योंकि उनको अध्यक्ष बने ज्यादा समय नहीं हुआ है। जिलाध्यक्षों में कुछ बदलाव जरूर होंगे। इसी के साथ प्रदेश स्तर पर जरूर कार्यकारिणी में कुछ बदलाव होंगे। छत्तीसगढ़ के साथ सभी राज्यों में चुनाव की पूरी प्रक्रिया होने के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

**राज्य के सभी कलेक्टरों को जारी हुआ आदेश**

# अब नगरीय निकाय चुनाव की बारी, प्रदेश के सभी वार्डों का नए सिरे होगा परिसीमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव पूरे होने के बाद अब छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनाव की बारी है। ये चुनाव नवंबर-दिसंबर में होने हैं, लेकिन इससे पहले राज्य के सभी नगरीय निकायों के अंतर्गत आने वाले वार्डों का नए सिरे से परिसीमन कराया जाएगा। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं, वार्डों के परिसीमन के बाद नई मतदाता सूची तैयार की जाएगी। जानकारों के मुताबकि नए परिसीमन से प्रदेश के बड़े नगर निगमों में वार्डों की संख्या बढ़ सकती है।

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किया है। सरकार ने कहा है कि नगरीय निकायों का आम निर्वाचन नवंबर दिसंबर में होना है। नगर पालिका अधिनियम के मुताबित वार्डों की रचना इस प्रकार से की जाएगी कि हर वार्ड की जनसंख्या पूरे निकाय क्षेत्र में एक जैसी होगी तथा वार्ड में पूरा क्षेत्र संहत क्षेत्र हों यानि समेटा हुआ होना चाहिए।

### इस तरह होगा परिसीमन

राज्य के सभी नगरीय निकायों का परिसीमन करने के लिए जारी निर्देश में कहा गया है कि परिसीमन किस प्रकार किया जाएगा। इसमें प्रस्तावित वार्ड के चारों दिशाओं की सीमा, मानचित्र शामिल होगा। इसमें प्रत्येक वार्ड की चारों दिशाओं को इस प्रकार दिखाया जाएगा कि वार्ड की सीमा स्पष्ट रूप से अलग-अलग दिखाई दे। जनसंख्या संबंधी पत्रक जिसमें पिछली जनगणना के प्रकाशित आंकड़ो के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र की कुल जनसंख्या, अनुसूचित जाति, जनजाति, की कुल जनसंख्या, राज्य सरकार द्वारा संबंधित नगर पालिका क्षेत्र के लिए अवधारित वार्डों की कुल संख्या तथा इसके आधार पर हर वार्ड की औसत जनसंख्या शामिल होगी।

### ऐसे होगा वार्डों का विभाजन

वार्डों के विभाजन के संबंध में निर्देश हैं कि हर वार्ड की औसत जनसंख्या, हर वार्ड के सम्मिलित क्षेत्र के हिसाब से अंतिम अधिसूचना प्रकाशित की जाएगी। इसमें उत्तर में, पूर्व में, दक्षिण में, पश्चिम में वार्ड की सीमा दर्शाई जाएगी। वार्डों का क्रमांक तथा नाम, जनसंख्या संबंधी पत्रक, पिछली जनसंख्या में प्रकाशित आंकड़ो के अनुसार निकाय क्षेत्र की जनसंख्या संबंधी पत्रक तैयार किया जाएगा। इसमें कुल जनसंख्या अनुसूचित जाति तथा जनजाति की कुल संख्या बताई जाएगी। प्रत्येक प्रस्तावित वार्ड की जनसंख्या तथा उसमें एससी-एसटी की जनसंख्या के आंकड़े लिखे जाएंगे। इस प्रक्रिया के दौरान वार्डों की सीमा निर्धारण संबंधी प्रारंभिक प्रकाशन करना होगा। इसके बाद प्राप्त आपत्तियों- सुझावों का निराकरण होगा। वार्ड विभाजन संबंधी अंतिम अधिसूचना का प्रारूप तैयार कर उसका प्रकाशन किया जाएगा।

# जिपं सीईओ ने पीएम आवास योजना के निर्माणकार्यों का लिया जायजा

## अधिकारियों को अपूर्ण रह गए आवासों को जल्द से जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

इस दौरान कन्नौजे ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पांगरी के प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हितग्राही गायत्री बाई, खोरबाहरा राम एवं हीरामन से मिलकर आवास निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा की। इसी तरह कन्नौजे ने ग्राम पंचायत तमोरा एवं सुखरी के प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों से भी मुलाकात की। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित तकनीकी सहायक एवं ग्राम सचिवों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को होने वाली समस्याओं की जानकारी लेकर मानसून पूर्व अपूर्ण रह गए आवासों को जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए।

डॉ संजय कन्नौजे ने ग्राम पंचायत पांगरी में मनरेगा अंतर्गत चल रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ चैनल का पुनरूद्धार कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया।



### शीघ्र पूरा करने के निर्देश

इसके साथ ही गांव में पेयजल की समुचित उपलब्धत कराने जल जीवन मिशन, मनरेगा हितग्राहियों एवं उनकी मजदूरी भुगतान, पेंशन आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा को बाढ़ चैनल में रिटर्निंग वॉल तथा पौधरोपण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत रूदा में निर्माणाधीन फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) के निर्माण को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

## जिले के किसानों को 480 करोड़ रूपए कृषि ऋण देने का है लक्ष्य

# किसानों को किया जा रहा खाद बीज का वितरण 272 करोड़ से ज्यादा के ऋण भी वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में किसानों को सोसायटी के माध्यम से खाद, बीज व ऋण वितरण किया जा रहा है। इसके तहत जिले के 69912 किसानों को 272 करोड़ 11 लाख से ज्यादा का ऋण दिया जा चुका है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से किसानों को 122 समिति के माध्यम से 480 करोड़ रूपये ऋण देने का लक्ष्य है।

समितियों में किसानों की भीड़ रोजाना खाद बीज व ऋण लेने उमड़ने लगी है। जहाँ से ऋण लेकर किसान खेती कार्यों में जुड़ चुके है, वही जिले में किसानों को कृषि ऋण के तहत अब तक 272 करोड़ 11 लाख से ज्यादा का ऋण दिया जा चुका है।



### बालोद ब्लॉक

इसके अंतर्गत बालोद ब्लॉक में 18 समिति के माध्यम से 7230 लाख ऋण देने का लक्ष्य है जिसके तहत अब तक 9336 किसानों को कृषि ऋण दिया जा चूका है जिसमें नगदी 3003.94 लाख रूपये, खाद ऋण 489.08 लाख, रूपये, बीज ऋण 39.88 लाख रूपये व दवाई ऋण 8.17 लाख इस तरह कृषि ऋण के रूप में कुल 3541.07 लाख का ऋण वितरण किया जा चुका है।

### गुरुर ब्लॉक

गुरुर ब्लॉक में 20 समिति के माध्यम से 7000 लाख का कृषि ऋण देने का लक्ष्य है जिसके अंतर्गत 8714 किसानों को खाद बीज व दवाई का ऋण 569.69 लाख रूपये दिया जा चुका है। वहीं नकद 2741.32 लाख ऋण दिया गया है। इस तरह कुल 3311.01 लाख ऋण वितरण किया जा चुका है।

### डौंडी विकासखंड

डौंडी ब्लॉक में 12 समिति के माध्यम से 4690 लाख रूपये ऋण देने का लक्ष्य है, जिसके तहत अब तक 8589 किसानों को नगद ऋण 1975.02 लाख़ दिया जा चूका है, वही खाद, बीज व दवाई का ऋण 558.97 लाख दिया जा चूका है, इस तरह कुल ऋण 2533.99 लाख़ वितरण किया जा चूका है।

### डौंडी लोहारा

डौंडी लोहारा ब्लॉक में 36 समिति के माध्यम से 15360 लाख रूपये का ऋण देने का लक्ष्य है, जहाँ 24866 किसानों को कृषि ऋण वितरण किया जा चुका है जिसमें नगद 8171.69 लाख रूपये वही खाद, बीज व दवाई का कुल ऋण 1943.45 लाख वितरण किया जा चुका है, इस तरह डौडी लोहारा ब्लॉक में 36 समिति के माध्यम से कुल कृषि ऋण 10115.14 लाख वितरण किया जा चुका है।

### गुंडरदेही

गुण्डरदेही ब्लॉक में 36 समिति के माध्यम से 13820 लाख रूपये का कृषि ऋण देने का लक्ष्य है, जहाँ के 18407 किसानों को 6308.73 लाख रूपये नगद ऋण दिया जा चुका है, वही खाद, बीज व दवाई के रूप में 1401.76 लाख रूपये का ऋण दिया गया है जबकि कुल कृषि ऋण 7710.49 लाख वितरण किया जा चुका है।

# विभागीय कर्मचारियों ने वन मंत्री से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वन कर्मचारियों के प्रदेश अध्यक्ष मूलचंद शर्मा ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ वनमंत्री केदार कश्यप के बालोद जिला प्रवास के दौरान वन कर्मचारियों की लम्बित मांगों एवं दैनिक वेतन भोगी/श्रमिकों के नियमतिकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा।

वनमंत्री ने बहुत जल्द निराकरण की दिशा में प्रगति लाने सम्बंधी बाते कही। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मूलचंद शर्मा ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ राष्ट्रगीत प्रतीक चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में वनकर्मचारियों के प्रदेश अध्यक्ष मूलचंद शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष एस के रंगारी,प्रदेश प्रवक्ता आर के उपाध्याय, जिलाध्यक्ष बालोद के पी गोस्वामी, उपाध्यक्ष वासुदेव गंधर्व, जिला सचिव बालोद गजेंद्र जोशी एवं बालोद जिले के अधिकांश वनकर्मचारी शामिल रहे।

## सुंदरनगर में पानी की समस्या

**रायपुर।** पिछले तीन माह से सुंदरनगर के ढाई सौ से अधिक घरों में पानी की समस्या और एरिया टीम द्वारा इसका समाधान नहीं किए जाने से नाराज पार्षद मृत्युजंय दुबे ने धरना दे दिया। सुबह से धरने पर बैठे पार्षद को मनाने निगम आयुक्त को वहां आना पड़ा। पार्षद दुबे की नाराजगी के बाद सुंदर इलाके के निगम अफसरों की टीम को बदल दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### शास्त्री चौक पर हजारों राहगीरों को पिलाया ठंडा शर्बत



**रायपुर।** सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस पूरे शहरभर में मनाया गया। शब्द कीर्तन से राजधानी रायपुर के गुरुद्वारे गूंज उठे। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद चखा। संगत ने छबील सेवा में योगदान दिया। इसी कड़ी में सिख समाज की अग्रणी संस्था दशमेश सेवा सोसाइटी द्वारा शहर के प्रमुख शास्त्री चौक में मंगलवार को सुबह 11 बजे गुरु की अरदास के बाद राहगीरों को ठंडे मीठे पानी का शर्बत पिलाया गया, जिसमें समाज के सभी लोगों ने सेवा दी। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष बॉबी होरा ने बताया कि इस कार्यक्रम में जसबीर सिंह भटिया, परविंदर सिंह भटिया, प्रीतपाल सिंह होरा, सतन्दिर सिंह, लवली अरोरा, जगजीत सिंह अरोरा, कुलदीप जुनेजा, हरमीत सिंह होरा, हरचरण सिंह साहनी सहित सैकड़ों सेवादारों ने सेवा दी।

### कुनबी समाज की महापंचायत 16 को



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 16 जून को कुनबी समाज का महापंचायत का आयोजन कियया जा रहा है, जिसकी तैयारी के लिए समाज के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक छत्रपति शिवाजी महाराज भवन गोंदवारा में गत दिनों हुई। प्रदेश कुनबी समाज के सचिव अमित डोये ने बताया कि बैठक में वर्षभर होने वाले सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। इस महापंचायत में हर जिले के कार्यकारिणी को अपने जिले में समाज कार्य को संचालित करने के लिए सरल उपाय बताए जाएंगे। साथ ही उनके सुझाव भी लिए जाएंगे। पुरुस्कार वितरण मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा। बैठक में रंजीत मुनेश्वर, निकेश तितरमारे, दानेश्वर रावत, हेमराज हत्तीमारे, दिलीप गेडेकर, सारिका गेडेकर, मनीषा बारसे आदि उपस्थित थे।

### ओपन माइक स्पर्धा में कियांश को मिला प्रथम पुरस्कार



**रायपुर।** वक्ता मंच छत्तीसगढ़ द्वारा 'स्वच्छ हवा, नीला आकाश पर्यावरण का मत करो विनाश' विषय पर विगत दिनों ओपन माईक स्पर्धा आयोजित गई थी। इस स्पर्धा में कियांश ओझा साल्वे ने पर्यावरण विषय पर एकल अभिनय प्रस्तुत कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अलावा कविता, गीत, गजल, एक अभिनय सहित अनेक विधाओं में आयोजित इस स्पर्धा में शहर एवं बाहर के अनेक प्रतिस्पर्धी शामिल हुए थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एवं ख्यातनाम शायर केए सैफी, कृषि वैज्ञानिक घनश्याम साहू, शुभम साहू, राजेश आदि उपस्थित थे।

## निधन

### तारा देवी भुवाल

**साजा।** गोडमरा निवासी स्वर्गीय मोहन सिंह भुवाल की धर्म पत्नी तारा देवी भुवाल का बुधवार सुबह निधन हो गया। वे स्वर्गीय नन्दकुमार, पवन सिंह, मुरारी सिंह, संजय सिंह भुवाल की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार साजा के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें नगरवासियों व सामाजिक बंधुओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बुलाकी राम साहू



**बेमेतरा/देवकर।** नगर देवकर के वार्ड-04 निवासी बुलाकी राम साहू का बुधवार को 93 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे नगर पंचायत देवकर के अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व साहू परिक्षेत्रीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस पदाधिकारी बिहारी साहू के पिताजी थे।

# डॉग सेल्टर होम में आवारा कुत्तों की देखभाल भोजन के साथ इलाज की सुविधा, नसबंदी भी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ सोनडोंगरी में बनाया जा रहा डॉग सेल्टर होम

राजधानी रायपुर के सोनडोंगरी हीरापुर में आवारा कुत्तों के लिए डॉग शेल्टर होम का निर्माण कराया जा रहा है। नगर निगम और एनजीओ की संयुक्त भागीदारी से इस डॉग शेल्टर होम में आवारा कुत्तों की देखभाल से लेकर उनके भोजन, इलाज यहां तक कि नसबंदी करने की भी व्यवस्था की जा रही है। इससे शहर में एक ओर जहां आवारा कुत्तों की बढ़ती जनसंख्या से निजात मिलेगी, वहीं बीमारी, सड़क हादसे में घायल होने से आवारा कुत्तों की मौत के आकड़ों में भी कमी आएगी।

### 65 सौ वर्गफीट में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा डॉग शेल्टर होम

सोनडोंगरी हीरापुर में पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड में खाली 65 सौ वर्गफीट क्षेत्रफल में डॉग शेल्टर होम का निर्माण किया जा रहा है। डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनने जा रहे शेल्टर होम की शुरुआत में बाउंड्रीवॉल और शेड का निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए 48 लाख 50 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

### पीपीपी मॉडल पर चलेगा डॉग शेल्टर

डॉग शेल्टर का संचालन पीपीपी मॉडल पर किया जाएगा। डॉग सेल्टर में सुविधाएं नगर निगम विकसित करेगा और कुत्तों की देखभाल, उनके लिए भोजन इत्यादि की व्यवस्था निजी स्वयंसेवी संगठन और डॉग लवर्स करेंगे। नगर निगम शेल्टर में वेटनरी अस्पताल जैसी सुविधाएं भी विकसित होंगी तथा वेटनरी डाक्टर्स यहां उपलब्ध रहेंगे।

### शेल्टर में बीमार व आक्रामक आवारा कुत्तों को रखा जाएगा

डॉग शेल्टर होम में बीमार और आक्रामक आवारा कुत्तों को पकड़कर लाया जाएगा। यहां उनका इलाज किया जाएगा। नियमित रूप से यहां उनकी नसबंदी भी होगी। इससे शहर में आतंक मचाने वाले आवारा कुत्तों में कमी आएगी।

### कुत्तों की जनसंख्या कम करने योजना बनाकर लागू करेंगे- कलेक्टर

कलेक्टर गौरव सिंह ने मंगलवार को डॉग शेल्टर का चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस अभियान में आम लोगों की सहभागिता और मदद बढ़ने के साथ-साथ कुत्तों की संख्या एवं सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। कुत्तों की जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए भी यहां योजना बनाएंगे और उसे लागू करेंगे। निरीक्षण के दौरान रायपुर निगम आयुक्त

# पहले पति के खिलाफ लिखवाई झूठी रिपोर्ट, फिर वापस लेने मांगे रुपए, एसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

गुण्डरदेही विधानसभा के ग्राम बेलौदी में रहने वाले पति और पत्नी ने सनौद थाने में पदस्थ एएसआई की एसपी से शिकायत की है। आरोप है कि पहले पत्नी को बरगलाकर पति के खिलाफ झूठी शिकायत सनौद थाने में दर्ज करवाई, फिर शिकायत वापस लेने के नाम पर वहां पदस्थ एएसआई ने पति और पत्नी से पैसे की मांग की।

जानकारी के मुताबिक शासकीय प्राथमिक शाला मुंदेरा में पदस्थ प्रधान पाठक मिथलेश साहू और उसी स्कूल में शिक्षिका के रूप में पदस्थ तोरण साहू दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे। दोनों ने बीते वर्ष 2 जुलाई को अंगार मोती में शादी की और न्यायालय में भी विवाह किया। तब से दोनों एक दूसरे के साथ रहते थे।

### पति-पत्नी से एक–एक लाख रूपये मांगने का आरोप

प्रार्थी ने आरोप लगाया कि 6 जून को सनौद थाने में पदस्थ एएसआई नंदकुमार साहू का फोन शिक्षिका तोरण साहू के पास आया और थाने में बुलाया। थाना पहुंचने पर एक कमरे में ले जाकर केस वापस लेने के लिए कहा गया। यह भी आरोप है कि उसी दिन तोरण के पति मिथलेश को जबरदस्ती घर से उठाकर थाने ले गए और शिकायत का हवाला देते हुए उनके साथ मारपीट की और उनसे व उनकी पत्नी से एक-एक लाख रूपये शिकायत वापस लेने के नाम पर एएसआई ने मांगे।





### एसपी से की कार्रवाई की मांग

एएसआई नंदकुमार साहू की इस करतूत से पति-पत्नी काफी प्रताड़ित हुए और जिला पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत के पास पहुंचे। दोनों ने एसपी को आवेदन सौंपकर उनके साथ हुई घटना की जानकारी दी और एएसआई नंदकुमार साहू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### पत्नी से कराई पति की झूठी शिकायत

शिक्षिका तोरण साहू ने बताया कि वह 28 व 29 मई को अपने सामान और दस्तावेज को लाने के लिए अपने मायके बेलोदी गई हुई थी। लेकिन उनके घरवालों ने उन्हें सामान नहीं दिया और चार दिन बाद सनौद थाना ले गये। जहां दबावपूर्वक उनके पति मिथलेश साहू के खिलाफ बलात्कार, धोखाधड़ी कर पैसे मांगने और बहलाने फुसलाने का आरोप लगाते हुए झूठी शिकायत दर्ज कराई। दबाव में आकर उन्होंने अपने पति के खिलाफ शिकायत की, शिक्षिका तोरण साहू ने उस शिकायत को झूठा बताया।

### शिकायत मिली है

शिकायत मिली है। एसडीओपी को जाँच के लिए सौंप दिया गया है। जाँच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**- सूरजन राम भगत,** पुलिस अधीक्षक, बालोद।

## गोंड समाज के कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में शामिल मंत्री ने की घोषणा

# डोंडी में गोंडवाना भवन के लिए मिलेंगे 25 लाख : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

बुधवार को मंत्री केदार कश्यप के आतिथ्य में गोंडवाना गोंड समाज ब्लॉक डौंडी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गोंडवाना युवा महोत्सव एवं समाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं संवैधानिक कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक से लगभग 2000 लया लयोर के साथ साथ 17 गोंडवाना सर्कल के पदाधिकारियों सहित लगभग 5000 जनसंख्या में समाज के लोग जुटे थे।

समाज को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि डौंडी ब्लॉक को जो कि बालोद जिले का एक मात्र पांचवीं अनुसूची क्षेत्र है, जो पहले बस्तर प्राधिकरण में ही था उसे पूरे बस्तर प्राधिकरण में जोड़ा जाएगा और वन विभाग में जहां पर भी पहुंच मार्ग तत्काल पूरा कर लिया जाएगा। डौंडी ब्लॉक के लिए डोंडी में गोंडवाना भवन के लिए 25 लाख देने की घोषणा की। बलौदा एवं अर्जुंदा पहुंच मार्ग को भी स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा डोंडी ब्लॉक में पूर्व में खनिज न्यास फंड के घोटाले की जांच जो लंबित है उसे गंभीरता पूर्वक जांच करने का आश्वासन दिया। श्री कश्यप ने क्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों के प्रतियोगियों के लिए निशुल्क कोचिंग सेंटर के संबंध में पहल करने की बात कही है। इसके अलावा मौके पर प्राप्त सभी आवेदनों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को अनुशंसा सहित आवेदन प्रेषित कर दिया जाएगा।

**रीति-रिवाज के अनुसार समाज को आगे बढ़ाने पर जोर :** विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित ब्रह्मानंद नेताम पूर्व विधायक भानुप्रतापपुर विधानसभा एवं विकास मरकाम पूर्व उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग छत्तीसगढ़ शासन ने भी समाज को संबोधित किया। उन्होंने एकजुट होकर रीति रिवाज के अनुसार समाज को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निज सचिव तुलसी कौशिक ने कहा कि जब भी मुख्यमंत्री से मुलाकात करने की बात होगी तो मेरे मोबाइल नंबर से संपर्क करें। निश्चित रूप से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि कुनकुरी भवन हमेशा आप लोगों के लिए खुला रहेगा। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यश मांडवी, जुगनू राम मांडवी, जितेन्द्र नेताम सरपंच, बाला गावडे, अंजोर सिंह ठाकुर, समीर धुर्वा, लता कोर्राम, वीरेन्द्र मांडवी, महेश नुरूटी, नरेश धुर्वा, रेखा कोर्राम, फिरतू राम कुंजम, महेश गावड़े सुकल गावड़े, साधना सोरी, मनीष झा, राकेश द्विवेदी एवं जिला कलेक्टर जिला पुलिस अधीक्षक व समस्त विभाग के प्रमुख मौजूद थे।





**रेलापाटा नृत्य की दी मनमोहक प्रस्तुति :** कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी उपस्थित लया लयोर एवं सामाजिक प्रमुखों के द्वारा भव्य रेला पाटा किया गया। रेलापाटा की धुन पर पूरा मंच थिरकने लगा। सामान समापन अवसर पर समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य एवं खेल को व शैक्षणिक गतिविधियों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वालों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। भविष्य में कार्यशाला को नए रूप में एवं चार दिवसीय रखने की बात कही गई है। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। समाज को प्रेमलाल कुंजन अध्यक्ष जिला गोंडवाना समाज, आत्माराम कौर अध्यक्ष गोंडवाना गोंड समाज डौंडी ब्लॉक, सोमेश सोरी नगर पंचायत अध्यक्ष डौंडी, गंगाराम ठाकुर, भोलाराम नेताम निमंत कम धन्नु नुरुटी, अग्घन सिंह दर्रो, अनीता कुमेटी, मोहन हिड़को आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन तुलसीराम मरकाम व आभार प्रदर्शन मानसिंह दर्रपट्टि अध्यक्ष बेलोदा सर्कल ने किया।

### जिला कबड्डी प्रीमियर लीग 16 से

**अंडा।** स्व.भरतलाल देशमुख स्मृति क्रीड़ा संस्था जिला दुर्ग द्वारा दुर्ग जिला कबड्डी प्रीमियर लीग डीजेकेपीएल जूनियर बालक वर्ग का आयोजन 16 व 17 जून को रिसाली दशहरा मैदान में किया जा रहा है। इसमें दुर्ग जिले के विकास खंड धमधा ,पाटन व दुर्ग के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के प्रतिभा को आगे बढ़ाने का मंच प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्ग जिला से 400 बच्चों ने ट्रायल दिलाया था, जिसमें 110 बच्चों का सिलेक्शन हुआ है। उनकी 10 टीमें बनाई गई हैं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को नकद राशि, प्रतीक चिन्ह व व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही बेस्ट ऑलराउंडर, बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर को भी व्यक्तिगत पुरस्कार दिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### वीवाई हॉस्पीटल सहित तीन अस्पतालों से मांगी जानकारी

**दुर्ग।** एक गर्भवती महिला के इलाज के दौरान मौत होने के मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा इलाज कर रही डाक्टर की जानकारी के लिए तीन अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया है। जिसमें उक्त डाक्टर की पात्रता संबंधी दस्तावेज मांगे गए है। संस्थान वीवाई हॉस्पीटल, जेल रोड, पद्मनाभपुर, वर्तमान में प्रशासन की तरफ से बंद कराया जा चुका है। इस संस्थान में पूर्व में कार्यरत कथित डॉ प्रभा पटोरिया जो कि एक प्रेस कांफ्रेंस में अपना बयान भी दिया है, कि आपके संस्थान मे जिस प्रसूता की मृत्यु हुई थी उनका डिलीवरी संबंधी कार्य इनके द्वारा किया गया है। इनके द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार बिना किसी डिग्री के किस आधार पर उक्त कृत्य किया गया। इनसे संबंधित जानकारी विभाग ने मांगे है। जिसमें कचित डॉ प्रभा पटोरिया की शैक्षणिक योग्यता एवं डिग्री क्या है एवं कब से कार्यरत है। नोडल अधिकारी डां अनिल शुक्ला द्वारा वीवाई हास्पिटल के आलावा कोठारी नर्सिंग होम शनिचरी बाजार और सीएम हास्पिटल नेहरू नगर के संचालक से भी जानकारी मांगी है। उनके अनुसार उक्त डाक्टर वहां भी सेवा देती रही हैं।

### 14 जून को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दद्वारा जिले में नियोजक द्वारा उपलब्ध 30 रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 14 जून को सुबह 10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक ग्लोबल बायो साइंस बोरसी द्वारा सर्विस इंजीनियर के 3, अकाउंटेंट के 1 एवं क्षेत्रीय ग्रामीण फाइनेंस सर्विस प्रालि द्वारा सेल्स एक्जीक्यूटिव के कुल 60 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उपसंचालक आरके कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छग निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित हो सकते है। पदों, योग्यता, आयु एवं अनुभव से संबंधित जानकारी आवेदक प्लेसमेंट केम्प स्थल पर प्राप्त कर सकते हैं।

### लापरवाह ठेकेदारों को जारी होगी नोटिस

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के कार्या की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घरों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हमारी पहली प्राथमिकता है। कलेक्टर ने मिशन के तहत पाईप लाईन विस्तार, पानी टंकी एवं जल कर की समीक्षा की। कलेक्टर सुश्री चौधरी द्वारा जिले में स्वीकृत 07 समूह जल प्रदाय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई एवं ठेकेदारों को बारिश से पूर्व कार्या में प्रगति लाने एवं समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही सभी उपअभियंता एवं सहायक अभियंता को जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु सतत निगरानी करने एवं धीमी गति के कार्यों पर अंतिम नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### जायजा : डाइट प्राचार्य और डीईओ ने किया प्रशिक्षण केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

# कक्षा तीसरी तक के सभी बच्चों में पढ़ने लिखने की बुनियादी दक्षता होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत जोन स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण तीन जोन में भिंभौरी, बेरला, देवरबीजा में प्रथम चरण का प्रशिक्षण 10 से 13 जून तक आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिवस सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेरला उइके एवं प्राचार्य महेंद्र कुमार वर्मा भिंभौरी ने सभी राज्य स्रोत व्यक्ति, जिला स्रोत व्यक्ति, संकुल समन्वयकों एवं समस्त गुरुजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत की।

उसके बाद एफएलएन के संबंध में जानकारी दी गई। कक्षा पहिली से तीसरी तक के सभी बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को पूर्ण रूप से सिखने-सिखाने के लिए है जिसके अंतर्गत भाषा शिक्षण, गणित शिक्षण, 4 ब्लॉक मॉडल पठन, लेखन मौखिक भाषा विकास, नवाजतन, विद्याप्रवेश, पुस्तकालय, बहुभाषा, जादुई पिटारा, ई-जादुई पिटारा आदि महत्वपूर्ण एवं



उपयोगी विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्यस्तर से प्रशिक्षित राज्य स्रोत व्यक्ति एवं जिला स्तर पर प्रशिक्षित जिला स्रोत व्यक्ति के माध्यम से भिंभौरी जोन, बेरला जोन से लगभग 27 संकुलों के सभी विद्यालय से 125 प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण नये शिक्षण सत्र प्रारम्भ होने से पहले दिया जा रहा है ताकि सभी शिक्षक स्कूल खुलते ही सभी बच्चों में आवश्यक दक्षताओं एवं कौशलों के विकास हेतु प्रारम्भ में ही रणनीति तैयार कर बच्चों के शिक्षण गुणवत्ता का विकास करने का प्रयास कर पाएं।

### प्रशिक्षण का उपयोग अपनी शालाओं में करें

एफएलएन प्रशिक्षण भिंभौरी जोन, बेरला विकासखंड बेरला में तृतीय दिवस में जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा कमल कपूर बंजारे, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे, बी आरसी बेरला खोम लाल साहू ने शिक्षकों से चर्चा कर सीखी गई गतिविधियों की जानकारी ली। जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे ने समस्त शिक्षकों को इस प्रशिक्षण का उपयोग शत प्रतिशत अपने विद्यालय में अपने बच्चों के लिए करने के लिए निर्देशित किया। प्राचार्य डाइट बेमेतरा जे के घृतलहरे ने भी प्रशिक्षण के उद्देश्य, कक्षा पहिली से तीसरी के बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के स्तर में सुधार करते हुए उनका सर्वांगीण विकास करने हेतु विशेष रूप से रणनीति तैयार करके उसको अपने विद्यालय में लागू करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

# बरसात से पहले बारहमासी नाले की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

जिला प्रशासन के निर्देश पर बरसात से पहले सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई को लेकर पहल की जा रही है।

इसी कड़ी में ज़िला के सीमावर्ती देवकर नगर पंचायत में नगरवासियों की मांग पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा बारहमासी नाले की सफाई जेसीबी के माध्यम से की गई। दरअसल ज्ञात हो कि बारहमासी नाले में कीचड़ कचरे व जलकुंभी होने से बरसात के पूर्व नाला भर जाता है जिससे वर्षा का पानी बारहमासी नाले से बाहर निकलकर सड़क पर बहने लगता है एवं ज्यादा पानी आने पर रास्ता अवरुद्ध हो जाता है। इसकी शिकायत पर नगर के भाजपा पदाधिकारी रविशंकर सोनी ने स्वयं मौके स्थल पर पहुंचकर वार्डवासियों से बातचीत की। जिस पर नाले का पुल छोटा होने से सड़क पर बारिश के कारण गन्दा पानी बहने की समस्या के समाधान हेतु प्रयास करने का आश्वासन दिया गया।

# खुली जेल बेमेतरा में दी गई कानून की जानकारी

### विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर किया गया आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन कैलेंडर 2024 एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार व अध्यक्ष/प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर निधि शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की उपस्थिति में नव निर्माणाधीन खुली जेल बेमेतरा (पथरी) में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम करवाना कानूनी अपराध हैं, इस उम्र में बच्चों को पढ़ाई हेतु स्कूल भेजने के प्रेरित करना चाहिए, बाल श्रम का मुख्य कारण है गरीबी, जिसके कारण बच्चों से बाल मजदूरी करायी जाती है।

इसी बाल श्रम को रोकने और खत्म करने के लिए 12 जून को बालश्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य 14 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों को बाल मजदूरी से निकालकर शिक्षा दिलाना है। साथ ही नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित नियमों की जानकारी एवं कानूनी संदेश दिया गया। उक्त दिवस पर पैरालीगल वॉलिन्टियर्स द्वारा पृथक से अग्रवाल राईस मिल नवागढ़ रोड, कवर्धा रोड, बस स्टैण्ड बेमेतरा में बाल श्रम निषेध के संबंध में जानकारी दी गई।

# मंत्री मंडाविया को प्रदेश के नेताओं ने दी बधाई...



**बेमेतरा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने मनसुख मंडाविया कैबिनेट मंत्री बनाए पर बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नता योगेश तिवारी ने कहा कि मनसुख मंडाविया को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। भाजपा नेता ने मनसुखभाई से कहा कि आपके ही मार्गदर्शन में हम सब भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मेहनत कर छत्तीसगढ़ मे भाजपा की सरकार बनाई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व छत्तीसगढ़ सरकार तेज़ी से काम कर रही है। श्री तिवारी ने मनसुखभाई मंडाविया को जल्द छत्तीसगढ़ आने का न्यौता दिया है।

# मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर दानीटोला में मनाया गया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली, आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

भारतीय जनता पार्टी ग्राम दानीटोला के सदस्यों ने नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद के शपथ लेने के बाद गांव में जश्न मनाया गया। श्री मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद गांव में भाजपा कार्यकर्ता एक जगह एकत्र होकर नारा लगाते हुए अबीर गुलाल उड़ाकर जश्न मनाते हुए रैली निकाली और आतिशबाजी के साथ लोगो का मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर ईशाप्रकाश साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीते दस वर्षो की उपलब्धियों गरीब, कल्याण और जनकल्याणकारी



योजनाओं और गारंटीयों पर विश्वास करके भाजपा को वोट दिए। उन्होंने कहा यह पल देश के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि आजादी के बाद कोई गैर कांग्रेसी व्यक्ति लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बना।

इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष कुलेश्वर नेताम और उपाध्यक्ष दिलीप मंडावी को बनाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता राजेंद्र साहू, देवसिंह सेन, मोहन साहू, डोमार यदु, सोमन पटेल, टिकेश्वर यादव, शोभू नेताम, मदन सेन, रोशन यदु, पुनाऊ ओझा, गोविंद पटेल, पंचू मंडावी, बलराम उईके, परमेश्वर कोर्राम, भागवत पटेल, अनिल मंडावी, आशीष ओटी, टीकम धुरवे, मनोहर उइके, सहदेव ओटी, अमन यादव उपस्थित थे।

# बच्चों को छत्तीसगढ़ की लोक चित्रकला शैलियों का कराया गया अभ्यास

### हनुमान मंदिर परिसर में किया जा रहा है समर कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

बच्चों की सृजनधर्मिता को सार्वजनिक रुप और सम्मान देने की दृष्टि से हनुमान मंदिर परिसर साजा में शिक्षक, जनजाति शोधार्थी व संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा के संयोजन में प्रातःकालीन समर कैंप का आयोजन हनुमान मंदिर परिसर में स्थानीय पालकों के सहयोग से किया गया।

इसमें बच्चों को भारत के विभिन्न राज्यों सहित छत्तीसगढ़ की लोक चित्रकला शैलियों की सैद्धांतिक जानकारी देकर प्रायोगिक अभ्यास कराया गया। कैंप के चौथे दिवस में बिहार राज्य के मधुबनी चित्रकला शैली के तहत एक लकड़हारान को जंगल से लकड़ी लाते हुए चटकदार परिधान में



चित्रांकन करना बच्चों को मनमोहक लगा। बच्चे एक ओर चित्र देखकर बेहद प्रसन्नचित हुए और दूसरी ओर उनके रंगीन परिधान का चित्रांकन करते हुए चटकदार रंगों से खुश होते नजर आए। कैंप के प्रतिभागी राघव, सिद्धि, अवनी ,अविका, विभा, भुमिजा, कनक, संस्कृति,योशिता, जागृति, पार्थ ने लगन के साथ चित्रकारी की। चित्रांकन के दरमियान बच्चों का काम के प्रति लगन, रंगों का संयोजन, लोक जीवन, दैनिक कामकाज, ग्रामीण जीवन शैली, प्राचीन परिधान की विशेषता, 'अच्छा और मौलिक परिधान स्त्रियों का सबसे बड़ा धन व गहना है', आदि की समझ पैदा की हुई। इसमें शिक्षिका झरना वर्मा, पूर्णिमा वर्मा, कला गुरु वीणा वर्मा, देवकी मढ़रिया, यमन कुमार मढ़रिया, हर्षिता, हिमानी वर्मा ने सक्रियता से सहयोग किया। जिन बच्चों ने समर कैंप में अपनी कलात्मक प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्हें राष्ट्रीय सांस्कृतिक छात्रवृत्ति योजना से जोड़कर निरंतर चित्रकला का सिद्धांत और प्रायोगिक अभ्यास कला गुरुओं के मार्गदर्शन में कराया जाएगा। बच्चों की प्रतिभा विकास के प्रयासों के लिए स्थानीय पालकों सहित नगर के वरिष्ठ शिक्षाविद् व समाजसेवी दल्लू सिंह वर्मा, सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रकाश वर्मा, डॉ. सियाराम साहू, डॉ. धर्मेंद्र वर्मा, युवा पत्रकार राजू समाजसेवी राजेंद्र वर्मा, पूना राम वर्मा, युवा इंजीनियर हर्ष कुमार वर्मा, तनुजा वर्मा,नीलम वर्मा,ऊषा वर्मा, जया ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की।

# विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिविर जारी



**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर में अंचल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 27 मई से संचालित इस शिविर में प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से अंचल के सभी हायर सेकेण्डरी स्कूल व महाविद्यालय के विद्यार्थी कम्प्यूटर का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### निषाद समाज के वार्षिक अधिवेशन में किया सम्मानित

# मुख्यमंत्री साय ने साहित्यकार घनश्याम का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

विगत दिनों बालोद में आयोजित छत्तीसगढ़ निषाद समाज के वार्षिक अधिवेशन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नगर के हस्ताक्षर साहित्य समिति के सदस्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार घनश्याम पारकर को उनकी साहित्य साधना और उनके द्वारा दिए गए योगदान के लिए साहित्य सम्मान से सम्मानित किया।

श्री पारकर को सम्मानित किए जाने पर समिति की सदस्य शिरोमणि माथुर, लतीफ़ शमीम सिद्दिकी, आचार्य जे. आर महिलांगे ,सरिता सिंह गौतम, संतोष ठाकुर, आनंद बोरकर चोपड़े, ज्ञानेंद्र सिंह, मनोज पाटिल, राजेश्वरी ठाकुर, शोभा बेंजामिन अमित सिन्हा, टीएस पारकर, गोविंद कुट्टी पणिकर अमित



प्रखर, सुशील ताम्रकार, अजीत तिवारी, धर्मेंद्र श्रवण, नारायण राव, रामलाल गुप्ता ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। घनश्याम पारकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। चलित झांकी एवं मॉडल बनाने में सिद्धहस्त हैं। इसके लिए वे राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हो चुके हैं। राज्योत्सव में चलित मॉडल झांकी जयंती स्टेडियम में उनकी टीम लगातार 10 वर्षों से प्रथम पुरस्कार विजेता रही है। विभिन्न साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं से सम्मान प्राप्त साहित्यकार घनश्याम पारकर वर्तमान में निषाद समाज दल्लीराजहरा के अध्यक्ष एवं लौह अयस्क समूह दल्ली राजहरा में श्रम कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।



# सिवनी में बालश्रम निषेध कानून की दी गई जानकारी

**बालोद।** विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सिवनी में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित नागरिकों को बालश्रम निषेध अधिनियम 1986 के संबंध में जानकारी दी गई।

लोगों को बताया गया कि नाबालिग बच्चों से काम करवाना एक अपराध है। इसके साथ ही नालसा की विभिन्न योजनाओं के साथ ही आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार हेतु जिला न्यायाधीश बालोद डॉ. प्रज्ञा पचौरी, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के निर्देशानुसार श्वेता उपाध्याय गौर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद उपस्थित थे।